**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 836**

**07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## ओडिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

**836. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् 2020-21, 2021-22 और 2022-23 तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान ओडिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के अंतर्गत आवंटित की गई, जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ओडिशा में स्थापित किए गए नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों की संख्या कितनी है और साथ ही उक्त केन्द्रों और अस्पतालों के स्थान और कार्यकरण की स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या आगामी दो वर्षों के लिए ओडिशा में एम्स जैसे संस्थानों, चिकित्सा महाविद्यालयों या कैंसर उपचार केंद्रों की स्थापना या उन्नयन की कोई योजना है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय समतामूलक, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को लागू कर रहा है। सरकार स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढाँचे में सुधार, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पर्याप्त मानव संसाधनों की उपलब्धता, विशेष रूप से वंचित और हाशिए पर पड़े समूहों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की उपलब्धता और पहुँच में सुधार के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। वित्त वर्ष

2020-21 से वित्त वर्ष 2023-24 तक ओडिशा राज्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रु.में)

| वित्त वर्ष | केंद्रीय निर्गत | व्यय |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1,617.63 | 2,347.24 |
| 2021-22 | 1,263.07 | 2,587.72 |
| 2022-23 | 1,284.69 | 3,402.50 |
| 2023-24 | 1,901.77 | 2,868.83 |

नोट:

1. उपरोक्त रिलीज केंद्र सरकार के अनुदान से संबंधित हैं और इसमें राज्य का हिस्सा शामिल नहीं है।

2. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिलीज 29.01.2025 तक अद्यतन है और अनंतिम है।

3. व्यय में केंद्रीय रिलीज, राज्य रिलीज और वर्ष की शुरुआत में अप्रयुक्त शेष राशि के विरुद्ध व्यय शामिल है। व्यय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत एफएमआर के अनुसार है और अनंतिम है।

इसके अलावा, वित्त वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक एनएचएम के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्ववर्ती आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य और आरोग्य कल्याण केंद्रों) के लिए ओडिशा राज्य को एसपीआईपी अनुमोदन और व्यय निम्नानुसार है:

(करोड़ रु.में)

| वित्त वर्ष | एसपीआईपी अनुमोदन | व्यय |
|---|---|---|
| 2020-21 | 119.94 | 113.09 |
| 2021-22 | 354.82 | 188.67 |
| 2022-23 | 152.86 | 141.59 |
| 2023-24 | 134.19 | 96.88 |

नोट:

1. एसपीआईपी अनुमोदन और व्यय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत एफएमआर के अनुसार है और अनंतिम है।

2. व्यय में केंद्रीय रिलीज, राज्य रिलीज और वर्ष की शुरुआत में अव्ययित शेष राशि के विरुद्ध व्यय शामिल है। आरसीएच आदि के लिए लचीले पूल के संबंध में व्यय 31.12.2024 तक अद्यतन किया गया है।

हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन) 2022-23 रिपोर्ट के अनुसार, ओडिशा राज्य में एनएचएम के तहत कार्यरत जिलेवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

इसके अलावा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निम्नलिखित के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है:-

- मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना', जिसमें वंचित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच फंड शेयरिंग तंत्र पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में है, और अन्य के लिए 60:40 है। इस योजना के तहत, ओडिशा में 07 मेडिकल कॉलेज (चरण-1 में बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलनगीर, कोरापुट, पुरी, चरण-2 में जाजपुर और चरण-3 में कालाहांडी) को मंजूरी दी गई है। सभी मेडिकल कॉलेज काम कर रहे हैं।

- प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) का उद्देश्य किफायती विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए सुविधाओं को बढ़ाना है। इस योजना के दो घटक हैं: (i) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना, और (ii) मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) का उन्नयन। अब तक, इस योजना के तहत विभिन्न चरणों में 22 नए एम्स की स्थापना और जीएमसी के लिए 75 उन्नयन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। उन्नयन कार्यक्रम के तहत, केंद्र और राज्य साझाकरण पैटर्न के आधार पर निधियां जारी की जाती हैं। ओडिशा राज्य में, पीएमएसएसवाई योजना के तहत, 1 एम्स अर्थात् एम्स भुवनेश्वर की स्थापना की गई है और दो जीएमसी को उन्नत किया गया है, अर्थात (क) एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज, बरहामपुर और (ख) वीएसएस मेडिकल कॉलेज, बुर्ला। इसके अलावा, श्रीराम चंद्र भंजा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एससीबीएमसीएच), कटक में 500 बिस्तरों वाले ट्रॉमा सेंटर की स्थापना पर विचार किया जा रहा है।

**ओडिशा राज्य में एनएचएम के तहत कार्यरत जिलावार उप-केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), उप-संभागीय अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का विवरण**

| राज्यों | जिलों का नाम | 31 मार्च 2023 की स्थिति के अनुसार | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यशील की संख्या | | | | | | | | |
| | | उप केंद्र | | पीएचसी | | सीएचसी | | उप संभागीय अस्पताल | जिला अस्पताल | मेडिकल कॉलेज |
| | | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी | | | |
| ओडिशा | अनुगुल | 166 | 0 | 31 | 1 | 9 | 0 | 3 | 1 | 0 |
| | बलांगीर | 225 | 1 | 45 | 3 | 14 | 1 | 2 | 1 | 1 |
| | बालेश्वर | 274 | 1 | 70 | 5 | 15 | 2 | 1 | 1 | 1 |
| | बारगढ़ | 202 | 2 | 48 | 2 | 12 | 4 | 1 | 1 | 0 |
| | भद्रक | 170 | 8 | 51 | 4 | 4 | 3 | 0 | 1 | 0 |
| | बौध | 67 | 0 | 12 | 0 | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| | कटक | 326 | 6 | 58 | 15 | 20 | 2 | 2 | 1 | 1 |
| | देवगढ़ | 42 | 0 | 8 | 0 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| | ढेंकनाल | 167 | 0 | 37 | 1 | 9 | 1 | 2 | 1 | 0 |
| | गजपति | 135 | 1 | 21 | 1 | 7 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| | गंजम | 441 | 19 | 90 | 11 | 18 | 10 | 4 | 1 | 1 |
| | जगतसिंहपुर | 186 | 3 | 35 | 1 | 10 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| | जाजापुर | 260 | 0 | 64 | 1 | 11 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| | झारसुगुडा | 61 | 5 | 16 | 4 | 5 | 1 | 0 | 1 | 0 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कालाहांडी | 241 | 1 | 45 | 1 | 16 | 2 | 1 | 1 | 0 |
| | कंधमाल | 172 | 0 | 40 | 1 | 13 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| | केंद्रपाड़ा | 224 | 3 | 46 | 1 | 8 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| | केंदुझर | 351 | 0 | 66 | 3 | 15 | 2 | 2 | 1 | 0 |
| | खोरधा | 197 | 5 | 47 | 28 | 9 | 7 | 0 | 2 | 0 |
| | कोरापुट | 305 | 2 | 48 | 4 | 14 | 2 | 0 | 1 | 1 |
| | मल्कानगिरी | 157 | 1 | 26 | 2 | 6 | 0 | 2 | 1 | 0 |
| | मयूरभंज | 582 | 7 | 86 | 4 | 28 | 0 | 3 | 1 | 1 |
| | नबरंगपुर | 289 | 0 | 40 | 2 | 10 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| | नयागढ़ | 161 | 5 | 38 | 0 | 8 | 4 | 1 | 1 | 0 |
| | नुआपाड़ा | 93 | 2 | 17 | 0 | 4 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| | पुरी | 238 | 3 | 46 | 6 | 14 | 3 | 0 | 1 | 1 |
| | रायगढ़ | 234 | 1 | 38 | 3 | 10 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| | संबलपुर | 155 | 12 | 29 | 8 | 11 | 0 | 2 | 1 | 1 |
| | सोनेपुर | 87 | 2 | 20 | 0 | 3 | 2 | 1 | 1 | 0 |
| | सुंदरगढ़ | 390 | 0 | 59 | 13 | 18 | 3 | 1 | 2 | 1 |
| | **कुल जिले=30** | **6598** | **90** | **1277** | **125** | **330** | **55** | **33** | **32** | **9** |

*डेटा स्रोत: हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन) 2022-23*

*****